सोमवार
10 अप्रैल, 2023
डिजिटल संस्करण

# केशव टाइम्स
आपकी आवाज

प्रमुख खबरें : पटना ■ भोजपुर ■ बक्सर ■ रोहतास ■ पूर्वांचल ■ मिथिलांचल ■ विविध ■ खेल ■ आर्थिक



डुमरांव में डिरेल हुई मालगाड़ी, छह घंटे तक ठप रहा ट्रेनों का परिचालन 3

### गोरखपुर को मिली बड़ी सौगातः मुख्यमंत्री योगी ने की 1045 करोड़ रु. की विकास योजनाओं की शुरुआत

# यूपी में अब अपराध नहीं, काम बोल रहा है: योगी

- 293.64 करोड़ की 258 परियोजनाओं का लोकार्पण और 700 करोड़ रु की परियोजनाओं का किया शिलान्यास
- सीएम ने की अपील-नगर निगम, नगर निकाय चुनाव के बाद लोकसभा चुनाव में भी सभी सीटों पर कमल खिलाकर भाजपा को विजयी बनाएं



**एजेंसी/गोरखपुर**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को गोरखपुर में 1045.66 करोड़ रुपए की विकास योजनाओं की शुरुआत कर जनपद के लोगों को बड़ी सौगात दी। इस दौरान उन्होंने 293.64 करोड़ की 258 परियोजनाओं का लोकार्पण और 700 करोड़ रुपए से अधिक की परियोजनाओं का शिलान्यास किया। इनमें गोरखनाथ पुल के समानांतर टू लेन का एक और पुल, पाली-डोहरिया मार्ग पर राप्ती नदी के सुरगहना घाट पर पुल, पैडलेगंज से फिराक चौराहे तक सड़क का चौड़ीकरण, गोरखनाथ मंदिर परिसर में सोलर रूफ टॉप सिस्टम का शिलान्यास भी शामिल है।

फर्टिलाइजर मैदान में जनसभा को संबोधित करते हुए सीएम योगी ने कहा, आज आपको जो भी लाभ मिल रहा है, इसकी वजह है कि आज हर क्षेत्र में भाजपा के लोग हैं। विधानसभा चुनाव में पहली बार भाजपा ने गोरखपुर की सभी 9 सीटों पर जीत दर्ज की। तीनों लोकसभा की सीट आज भाजपा की है। इसलिए मेरी अपील है कि आज नगर पंचायत के साथ ही नगर निगम की सीट पर भी भाजपा के लोग होने चाहिए। तभी यहां विकास तेजी से हो सकेगा। नगर निकाय चुनाव के बाद लोकसभा चुनाव में भी सभी सीटों पर कमल खिलाकर अपने लोगों को विजयी बनाएंगे।

सीएम योगी ने कहा, पहले की सरकारें गोरखपुर की उपेक्षा करती थी। लेकिन, 2017 के बाद प्रत्येक क्षेत्र में हुए विकास का परिणाम आज यहां के लोगों को मिल रहा है। 6 साल में उत्तर प्रदेश अपनी एक नई पहचान और नए क्लेवर के साथ दुनिया में पहचाना जा रहा है। इससे पहले यहां सिर्फ भ्रष्टाचार, अपराध था। न जनता सुरक्षित थी न बेटियां। लेकिन, इन 6 साल में यूपी में एक भी दंगा नहीं हुआ। आज नए उत्तर प्रदेश में दंगाईयों का इलाज सरकार करती है। बेटियां आज पूरी तरह सुरक्षित हैं।

**अपराधियों का इलाज है हमारी सरकार के पासः** उन्होंने कहा, आज कोई किसी की जमीन कब्जा नहीं कर सकता। अपराधी अपराध करने से डरता है। क्योंकि, सरकार के पास इनका इलाज है। आज यूपी के लोगों को विकास योजनाओं का लाभ मिल रहा है। आज यहां हर क्षेत्र में रोजगार पैदा हो रहा है। आज बदलते हुए उत्तर प्रदेश में गोरखपुर पीछे नहीं रह सकता। आज डबल इंजन की सरकार तो है ही, साथ ही ब्लाक से लेकर क्षेत्र पंचायत और निकाय तक में भाजपा के लोग हैं। इसलिए हर ओर विकास हो रहा है।

### बदलते उत्तर प्रदेश में पीछे नहीं रह सकता गोरखपुर

सीएम ने कहा कि विकास के लिए सकारात्मक सोच को आगे बढ़ाने की आवश्यकता है। आज सड़क, पुल, ओवरब्रिज, स्टेडियम, शैक्षणिक संस्थान, हॉस्पिटल जैसे विकास कार्यों की सौगात मिली है। और भी बड़ी-बड़ी परियोजनाएं आने वाली हैं। हर तबके के लिए योजनाएं हैं। उन्होंने कहा कि अच्छा इंफ्रास्ट्रक्चर राह आसान बनाता है। ईज ऑफ लिविंग के लक्ष्य को प्राप्त करने में मदद करता है। नागरिकों के समय की बचत करता है। सीएम योगी ने कहा कि 2017 के पहले की सरकार है यह सोच भी नहीं पाती थीं। उनकी सोच माफिया को पनपाने में लगी रहती थी। प्रदेश में खनन माफिया, भू माफिया, वन माफिया, संगठित अपराध करने वाले माफिया थे। आज ये माफिया दुस्साहस नहीं कर पाएंगे।

सीएम योगी ने कहा कि बदलते उत्तर प्रदेश में गोरखपुर पीछे नहीं रह सकता। गोरखपुर के चारों ओर विकास दिखाई देता है। एक नए गोरखपुर का दर्शन हो रहा है। यहां फोरलेन, सिक्सलेन, चौड़ी व मजबूत सड़कें हैं। भरपूर बिजली मिलती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि विकास की ये सारी संभावनाएं पहले भी थीं लेकिन नेतृत्व में इच्छाशक्ति का अभाव था। पहले उद्योग बंद कराए जाते थे, अब लगवाए जा रहे हैं। आज जिस स्थान पर यह कार्यक्रम हो रहा है वहां पुराने खाद कारखाना को बंद करा दिया गया था। अब यहां नया खाद कारखाना क्षमता से अधिक उत्पादन कर रहा है। यहां सैनिक स्कूल है, एसएसबी का सेंटर है। साथ ही बगल में स्थित चिलुआताल का सुंदरीकरण भी रामगढ़ताल की तर्ज पर कराया जा रहा है।

### डबल इंजन से अब बनानी होगी ट्रिपल इंजन की सरकार

सीएम ने कहा कि आज मैं अपील करने आया हूं। गोरखपुर के उनवल समेत कई जगहों पर नगर पंचायत बन गई। यहां विकास के लिए सरकार पैसे भी दे रही है। जब सभी जगहों पर भाजपा के लोग होंगे तो विकास भी रफ्तार पकड़ेगी। इसलिए आने वाले चुनावों में कमल खिलाएं। उन्होंने कहा कि पहले की सरकारें युवाओं के रोजगार में सेंध लगाती थी। टैबलेट लैपटॉप बांटने का दिखावा करती है। आज हमारी सरकार 20 लाख युवाओं को टैबलेट बांट चुकी है। आज किसानों का पैसा सीधा उनके खातों में जा रहा है। जबकि, इससे पहले इन पैसों का बंदरबांट होता था। लोकार्पण व शिलान्यास समारोह को सांसद रविकिशन शुक्ल, कमलेश पासवान व विधायक महेंद्रपाल सिंह ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर मत्स्य विभाग के मंत्री डॉ संजय निषाद, भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ धर्मेंद्र सिंह उपस्थित रहे।

## पत्रकारों के सवाल पर भड़के पशुपति पारस, बोले- चिराग मेरा भतीजा नहीं



**एजेंसी/पटना**

केंद्रीय मंत्री पशुपति पारस रविवार को मोकामा में थे। चिराग पासवान को लेकर किए सवाल पर पशुपति पारस पत्रकारों पर भड़क गए। उन्होंने ऊंची आवाज में कहा कि चिराग पासवान की बात नहीं करो। चिराग पासवान कहां जा रहा है, इससे मुझे क्या मतलब है। हमारी बात करो और एनडीए की बात करो। वहीं, उन्होंने आगे कहा कि बिहार में बीजेपी 40 सीटों पर तैयारी कर रही है। बिहार में हमारी पार्टी सिर्फ रालोजपा एनडीए में है. रालोजपा और बीजेपी में गठबंधन है और ये गठबंधन हमेशा रहेगा।

चिराग पासवान को लेकर एक सवाल पर पशुपति पारस ने कहा कि कौन भतीजा? आप लोग नहीं जानते हैं वह मेरा भतीजा नहीं है उसने तो पहले ही कहा है कि हम दोनों का खून अलग है तो फिर वह मेरा भतीजा कैसे हुआ? वहीं, विपक्षी एकता पर केंद्रीय मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बाघ हैं और विपक्ष में कभी एकता नहीं हो सकता है। ममता बनर्जी, नीतीश कुमार और अखिलेश यादव सहित सभी नेताओं के अलग-अलग अपनी राजनीति है.

**नरेंद्र मोदी तीसरी बार बनेंगे प्रधानमंत्रीः** नीतीश कुमार पर हमला बोलते हुए रालोजपा अध्यक्ष ने कहा कि अमित शाह के कार्यक्रम को नीतीश कुमार विफल करना चाहते थे। नालंदा में हिंसा की घटना हुई। नालंदा तो नीतीश कुमार का गृह जिला है लेकिन इसके बाद भी वहां कोई मंत्री नहीं जाते हैं। लोगों की हाल चाल नहीं पूछते हैं। यह तो लॉ एंड ऑर्डर है। 2024 लोकसभा चुनाव में पीएम पद की वैकेंसी नहीं है। नरेंद्र मोदी तीसरी बार भी देश के प्रधानमंत्री बनेंगे।

## अमूल के उत्पादों का कर्नाटक में बहिष्कार

**बेंग्लुरु।** देश की सबसे बड़ी दुग्ध सहकारी समितियों में एक अमूल को बड़ा झटका लगा है। अमूल के उत्पादों का भारी बहिष्कार शुरू हो गया है। स्थिति है कि ट्विटर पर #GoBÔckAmul ट्रेंड कर रहा है। अमूल के खिलाफ एक साथ करोड़ों लोगों का विरोध में उतरने का कारण भी केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह बने हैं। अमित शाह की टिप्पणी लोगों को इस कदर नागवार गुजरी है कि अब कर्नाटक में अमूल के खिलाफ सड़क से सोशल मीडिया तक विरोध शुरू हो गया है। खान-पान, पर्यटन और आतिथ्य से जुड़े कई संगठनों ने एक साथ आकर अमूल के उत्पादों का बहिष्कार कर दिया है। दरअसल, पिछले दिनों अमित शाह कर्नाटक गए थे तो उन्होंने कहा कि गुजरात मूल की सहकारी कंपनी अमूल का विस्तार कर्नाटक में होगा। शाह का यह बयान कर्नाटक के आम लोगों को नागवार गुजरा। दरअसल कर्नाटक मिल्क फेडरेशन के उत्पाद नंदिनी ब्रांड नाम से बिकते हैं। ऐसे में कर्नाटक के लोगों ने अमूल को बाहरी बताकर और इसे कर्नाटक की अस्मिता से जोड़कर विरोध शुरू कर दिया।

## बढ़ रहा कोरोना... हरियाणा, केरल और पुडुचेरी ने सार्वजनिक स्थानों पर मास्क पहनना अनिवार्य किया

**एजेंसी/नई दिल्ली**

देश में एक बार फिर से कोरोना के मामलों में तेजी देखने को मिली है। हर रोज पांच से छह हजार लोग संक्रमित पाए जा रहे हैं। मौतों का आंकड़ा भी काफी अधिक बढ़ गया है। इस बीच, एक बार फिर से राज्य सरकारों की तरफ से सख्ती का एलान होने लगा है। इसी हफ्ते केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया ने राज्यों के स्वास्थ्य मंत्रियों और प्रमुख सचिवों के साथ बैठक करके राज्यों को अलर्ट रहने को कहा है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने 10 और 11 अप्रैल को देशभर के अस्पतालों में तैयारियों का जायजा करने को लेकर 10 और 11 अप्रैल को मॉक ड्रिल कराने का भी एलान किया है।

कोरोना के बढ़ते मामलों को देखते हुए हरियाणा, केरल और पुडुचेरी ने मास्क अनिवार्य कर दिया है। हरियाणा सरकार के अनुसार, सार्वजनिक स्थानों पर मास्क पहनना अनिवार्य है। सरकार ने आम लोगों से अपील की है कि वह कोरोना के रोकथाम के लिए जरूरी नियमों का पालन करें। सरकार ने जिला और पंचायत प्रशासन को इसकी निगरानी करने का आदेश दिया है।



### गर्भवती महिलाओं, बुजुर्गों को भी पहनना होगा मास्क

वहीं, केरल सरकार ने गर्भवती महिलाओं, बुजुर्गों और जीवनशैली से जुड़ी बीमारियों वाले लोगों के लिए भी मास्क अनिवार्य कर दिया है। केरल की स्वास्थ्य मंत्री वीना जॉर्ज ने राज्य में कोविड-19 की स्थिति का मूल्यांकन करने के लिए एक उच्च स्तरीय बैठक आयोजित करने के बाद कहा कि कोविड से संबंधित मौतें ज्यादातर 60 साल से ऊपर के लोगों और जीवनशैली से जुड़ी बीमारियों जैसे मधुमेह से पीड़ित लोगों में होती हैं। जॉर्ज ने स्वास्थ्य विभाग को ऑक्सीजन की उपलब्धता सुनिश्चित करने का भी निर्देश दिया और कहा कि जल्द ही निजी अस्पतालों की एक विशेष बैठक आयोजित की जाएगी। इसके अलावा पुडुचेरी प्रशासन ने भी सख्ती शुरू कर दी है। पुडुचेरी प्रशासन ने तत्काल प्रभाव से सार्वजनिक स्थानों पर मास्क पहनना अनिवार्य कर दिया है। एक बयान में प्रशासन ने कहा है कि अस्पतालों, होटलों, रेस्तरां, शराब की दुकानों, आतिथ्य और मनोरंजन क्षेत्रों, सरकारी कार्यालयों और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में काम करने वाले कर्मचारियों को अनिवार्य रूप से मास्क पहनना है।

## सुरक्षा में चूक... केंद्रीय मंत्री नित्यानंद राय के काफिले पर हमला

**पटना।** केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय की सुरक्षा में बड़ी चूक का मामला सामने आया है. यहां तक कि नित्यानंद राय के काफिले पर हमला भी किया गया और इसमें दो गाड़ियों के शीशे टूट गए। केंद्रीय गृह राज्यमंत्री नित्यानंद राय बिहार के पूर्वी चंपारण से पटना जा रहे थे। इसी दौरान उनके काफिले पर हमला हुआ। यहां तक कि हमले में काफिले में शामिल एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया।

जानकारी के मुताबिक केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय शनिवार को पूर्वी चंपारण के सरोतर में एक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए आए थे। जब वे वापस पटना लौट रहे थे उसी दौरान उनके काफिले पर अचानक से हमला किया गया। काफिला साहेबगंज की ओर बढ़ते हुए विशुनपुर सरैया चौक पहुंचा एक व्यक्ति ने लाठी से काफिला पर हमला कर दिया। देवरिया थाना क्षेत्र के विशुनपुर सरैया चौक पर हुए हमले में पुलिस द्वारा पकड़े गए आरोपी की पहचान लखनौरी गांव निवासी अमित साह के रूप में हुई है। आरोपी मानसिक रूप से बीमार बताया जा रहा है।

## पटना के एक रेस्टोरेंट में लगी भीषण आग

**पटना।** गर्मी के मौसम में जैसे-जैसे तपमान बढ़ता जा रहा है। वैसे-वैसे ही अगलगी की घटना में बढ़ती जा रही है। ताजा मामला राजधानी पटना का है। जहां रविवार की दोपहर एक रेस्टोरेंट में भीषण आग लग गई। वहीं इस घटना के बाद इलाके में अफरा-तफरी का माहौल बन गया है। दरअसल, यह मामला पाटलिपुत्र थाना क्षेत्र अंतर्गत कुर्जी के समीप एक रेस्टोरेंट की है। जहां भीषण आग लग गई है। बताया जा रहा है कि आग लगने के बाद वहां पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि आग लगने के बाद जब फायर ब्रिगेड को सूचित किया गया तो कोई रिस्पांस नहीं मिला है। ना ही अब तक फायर ब्रिग्रेड मौके पर पहुंची है। वहीं आग के लगने की वजह अब तक पता नहीं चल पाई है।




### कर्नाटक दौरे पर गए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बांदीपुर टाइगर रिजर्व के नजारों का लिया आनंद

# नए आंकड़े जारी... भारत में बाघों की संख्या बढ़कर 3167 हुई

**एजेंसी/मैसूर**





प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार को कर्नाटक दौरे पर हैं। उन्होंने राज्य के बांदीपुर और मुदुमलाल टाइगर रिजर्व का दौरा किया। पीएम ने यहां बाघों को बचाने के लिए 50 साल पहले शुरू किए गए प्रोजेक्ट टाइगर की सालगिरह पर कार्यक्रम का भी उद्घाटन किया। इसी के साथ उन्होंने आज देश में बाघों की जनसंख्या के आंकड़े भी जारी किए। पीएम मोदी मैसूर पहुंचे हैं, जहां उन्होंने प्रोजेक्ट टाइगर के पचास वर्ष पूरे होने पर एक कार्यक्रम का उद्घाटन किया। इसके साथ ही इस मौके पर प्रकाशन अमृत काल का विजन फॉर टाइगर कंजर्वेशन और स्मारक सिक्का भी जारी किया। उन्होंने बांदीपुर टाइगर रिजर्व के अंदर बीस किलोमीटर की सफारी शुरू की, वह इस टाइगर रिजर्व का दौरा करने वाले पहले प्रधानमंत्री हैं। बांदीपुर टाइगर रिजर्व भारत के शीर्ष बाघ अभयारण्यों में शामिल है। प्रधानमंत्री ने बांदीपुर टाइगर रिजर्व के नजारों का आनंद लिया। इसके साथ ही उन्होंने एक ट्वीट में कहा, आज की सुबह खूबसूरत बांदीपुर टाइगर रिजर्व में बिताई और भारत के जंगली जीवन, प्राकृतिक सुंदरता और अनेकता का मजा लिया। प्रोजेक्ट टाइगर के 50 साल पूरे होने पर वे बांदीपुर बाघ अभयारण्य का दौरा कर रहे हैं। देश में 2006 में बाघों की संख्या 1411, 2010 में 1706, 2014 में 2226, 2018 में 2967 और 2022 में 3167 थी।

## खबरें फटाफट

### भड़काऊ पोस्ट डालने वालों पर होगी कार्रवाई

**सासाराम।** जिले में 31 मार्च से बंद इंटरनेट सेवा शनिवार से शुरू हो चुकी है। डीएम धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि शांति कायम होने के बाद इंटरनेट सेवा शुरू कराई गई है। व्हाट्सएप समेत अन्य इंटरनेट मीडिया पर नजर रखी जा रही है। रामनवमी जुलूस निकलने के बाद शहर में तनाव हो गया था। इसको देखते हुए प्रशासन ने 31 मार्च को इंटरनेट सेवा बंद कर दी थी। अब सासाराम में जनजीवन समान्य होने लगा है। ऐसे में आठ दिनों बाद प्रशासन ने इंटरनेट सेवाल बहाल करवा दी है। वहीं, प्रशासन वाह्टसप ग्रुप समेत अन्य इंटरनेट मीडिया पर पैनी नजर रखेगा। किसी भी तरह की अफवाह या भड़काउ पोस्ट करने पर वाहट्सप ग्रुप संचालक को दोषी मानते हुए उनपर कार्रवाई की जाएगी। इंटरनेट मीडिया पर अफवाह फैलाने व शांति भंग करने वालों को जेल भेजा जाएगा।

### नियम विरुद्ध ट्रांसफर के खिलाफ कोर्ट पहुंचे डीएओ


**आरा।** नियम के विरुद्ध विभाग की ओर से स्थानांतरित किये जाने को लेकर जिले के निवर्तमान डीएओ भरत प्रसाद सिंह ने अपने ही विभाग के प्रति लड़ाई शुरू कर दी है। नियम के खिलाफ तबादले को ले डीएओ ने हाईकोर्ट में रिट याचिका दायर कर विभाग को ही कटघरे में खड़ा कर दिया है। इनका आठ माह में ही तबादला कर दिया गया है, जबकि नौकरी के सिर्फ नौ माह शेष बचे हैं। विभाग की ओर से निवर्तमान डीएओ को उप निदेशक शश्य प्रक्षेत्र, मुंगेर प्रमंडल के पद पर तबादला किया गया है। इनकी जगह पर सारण अनुमंडल कृषि पदाधिकारी शत्रुघ्न साहू को प्रोन्नति देकर डीएओ के रूप में पदस्थापित किया गया है। भरत प्रसाद सिंह की विगत वर्षों में एक बार जिला कृषि पदाधिकारी के पद पर रहते कृषि मंत्री से ठन गई थी। इसे लेकर जिला कृषि पदाधिकारी के पद पर रहते हुए उन्होंने विभाग को अपना त्यागपत्र भी भेज दिया था। हालांकि विभाग की ओर से त्यागपत्र की स्वीकृति नहीं दी गई।

# गर्भकाल में मां का तनावग्रस्त होना गर्भस्थ शिशु के विकास के लिए घातक : डॉ. अरुण

- जीवन के पहले 1000 दिन की महत्ता पर वेबिनार का हुआ आयोजन
- आईसीडीएस एवं पाथ के तत्वावधान में वेबिनार का हुआ आयोजन

**केटी न्यूज/पटना**

जीवन के प्रथम हजार दिन में सही व पर्याप्त पोषण स्वस्थ एवं सुखी जीवन की कुंजी है। शिशु के विकास, प्रतिरोधक क्षमता एवं स्वस्थ जीवन की नीव प्रथम हजार दिनों में ही तय हो जाती है। प्रथम हजार दिनों में ही शिशु के मस्तिष्क का विकास प्रारंभ हो जाता है और इसी समय उसके जीवन भर के स्वास्थ्य की नीव पड़ती है। प्रथम हजार दिनों की महत्ता को उजागर करने एवं मातृ एवं शिशु पोषण की जरुरत को उजागर करने के लिए आईसीडीएस एवं पाथ संस्था के तत्वावधान में वेबिनार का आयोजन किया गया। वेबिनार में निदेशक, समेकित बाल विकास सेवाएं, डॉ. कौशल किशोर, पाथ के राज्य प्रमुख अजीत कुमार सिंह, एम्स जोधपुर के नियोनेटोलोजी विभाग के प्रोफेसर अरुण कुमार सिंह, सभी जिला प्रोग्राम पदाधिकारी, बाल विकास परियोजना पदाधिकारी सहित कई स्वयंसेवी संस्था के सदस्य तथा विशेषग्य शामिल रहे। कार्यक्रम का संचालन पाथ के राज्य प्रमुख अजीत कुमार सिंह ने किया।




**गर्भस्थ शिशु का मां के साथ होता है मानसिक और शारीरिक जुड़ाव :** वेबिनार में मुख्य वक्ता के रूप में प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए एम्स जोधपुर के नियोनेटोलोजी विभाग के प्रोफेसर अरुण कुमार सिंह ने बताया कि गर्भस्थ शिशु का अपने मां के साथ मानसिक और शारीरिक दोनों जुड़ाव होता है। गर्भकाल में माता का तनावग्रस्त होना उसके गर्भस्थ शिशु के मानसिक विकास में अवरोधक साबित होता है। डॉ. सिंह ने बताया कि 30 प्रतिशत समय से पहले जन्मे शिशु के पीछे नवजात की मां का तनाव में रहना होता है। एक तनावग्रस्त माता का नवजात अल्पवजनी एवं मानसिक रूप से कमजोर होता है।

**40 माह तक विकसित होता है गर्भस्थ शिशु के दिमागः** डॉ. अरुण कुमार सिंह ने बताया कि अक्सर आज के समय में चिकित्सक माता के गर्भधारण के 9 माह पूरे होते ही प्रसव कराने का प्रयास करते हैं। यह सही नहीं है क्यूंकि एक बच्चा अपने जन्म का समय और दिन खुद तय करता है। गर्भस्थ शिशु का मानसिक विकास मां के गर्भ में 40 हफ़्तों तक होता है। उन्होंने बताया कि सभी चिकिसकों को बच्चे के जन्म के लिए 40 हफ़्तों तक इंतजार करना चाहिए अगर माता के साथ कोई गम्भित स्थिति नहीं हो।

### मां के भोजन से तय होता है बच्चे के भविष्य में खानपान में रूचि

प्रोफेसर अरुण कुमार सिंह ने बताया कि गर्भकाल में एक महिला क्या भोजन करती है इसका सीधा असर उसके होने वाले बच्चे के खानपान की ओर झुकाव पर पड़ता है। गर्भकाल के तीसरी तिमाही से गर्भस्थ शिशु के मष्तिष्क का जुड़ाव सीधा उसकी मां से होता है। डॉ. सिंह ने बताया कि इस समय मां का तनाव में होना अथवा उससे रुखा व्यवहार शिशु के मष्तिष्क पर नकारात्मक प्रभाव डालता है जिसे हमेशा ध्यान में रखा जाना चाहिए।

उन्होंने बताया कि घर में उपलब्ध वस्तुओं से पोषण पाया जा सकता है। उन्होंने प्रतिभागियों को भोजन में पोषण को बरकरार रखने के टिप्स भी बताये।

## एसपी ने बताया, राहुल राय एक कुख्यात व अवैध शराब का सप्लायर भी

# अपराध की साजिश रचते पांच हजार रुपए का इनामी गिरफ्तार, देसी कट्टा और गोली बरामद

**केटी न्यूज/आरा**

जिले का एक कुख्यात इनामी अपराधकर्मी शनिवार की देर शाम पुलिस के हत्थे चढ़ गया। पुलिस की टीम द्वारा अपराधिक वारदात को अंजाम देने जाते समय उसे धोबहां ओपी क्षेत्र के सलेमपुर गंगा घाट के पास से गिरफ्तार किया गया है। वह बहोरनपुर ओपी क्षेत्र के सुरेमनपुर गांव निवासी राहुल राय है। उसके पास से एक देसी कट्टा और एक गोली बरामद की गयी है। भोजपुर पुलिस की ओर से उस पर पांच हजार का इनाम रखा गया था। हालांकि पुलिस को उसके अन्य साथी भागने में सफल रहे। एसपी प्रमोद कुमार की ओर से रविवार को प्रेस कांफ्रेंस में यह जानकारी दी गयी। उन्होंने बताया कि राहुल राय एक कुख्यात अपराधकर्मी है। वह अवैध शराब का सप्लायर भी है। उसके खिलाफ जिला स्तर पर इनाम भी रखा गया था। उसकी गिरफ्तारी को लेकर पुलिस लगातार काम कर रही थी।




- पुलिस को देख मौके से भाग निकले अन्य अपराधी, तलाश में जुटी पुलिस टीम
- भागने वाले अपराधियों की शिनाख्त में जुटी पुलिस

शनिवार की शाम सूचना मिली कि धोबहां ओपी क्षेत्र के सलेमपुर गंगा घाट स्थित काली मंदिर के समीप कुछ बदमाशों द्वारा किसी आपराधिक वारदात को अंजाम देने की योजना बनाई जा रही है। उस आधार पर अपराधियों की गिरफ्तारी को लेकर एएसपी हिमांशु के नेतृत्व में एक टीम गठित की गयी। टीम की ओर से त्वरित कार्रवाई करते हुए छापेमारी कर राहुल राय को गिरफ्तार कर लिया गया। हालांकि अन्य अपराधी भाग निकले। तलाशी के दौरान राहुल राय के पास से एक कट्टा और एक गोली बरामद की गयी। टीम में ओपी इंचार्ज सुशांत कुमार सहित अन्य पुलिस कर्मी शामिल थे।

**गोलीबारी, आर्म्स एक्ट और शराब सहित सात मामलों में थी राहुल की तलाश :** बहोरनपुर ओपी के सुरेमनपुर गांव निवासी राहुल राय का आपराधिक इतिहास लंबा है। उसके खिलाफ अबतक सात केस मिले हैं। यह सभी केस धोबहा ओर बहोरनपुर ओपी क्षेत्र के हैं। पुलिस फिलहाल विभिन्न थानों से संपर्क कर उसका इतिहास खंगाल रही है। एसपी के अनुसार उसके अपराधिक रेकार्ड की जांच की जा रही है। अभी तक सात मामले सामने आये हैं। सभी मामलों गंभीर प्रवृत्ति के हैं। उनमें गोलीबारी, आर्म्स एक्ट, हत्या के प्रयास और शराब सप्लाई के मामले हैं। हथियार बरामदगी को लेकर मुफस्सिल थाने में भी आर्म्स एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया है। उन्होंने बताया कि उसके खिलाफ पहले दो हजार का इनाम रखा गया था। बाद में उसे बढ़ाकर पांच हजार कर दिया गया था।

### वांटेस मुन्ना पर 50 हजार इनाम का प्रस्ताव

**आरा।** जिले के टॉप टेन अपराधियों में शामिल आरा के कुख्यात मुन्ना मियां के खिलाफ पुलिस द्वारा 50 हजार के इनाम का प्रस्ताव भेजा गया है। एसपी प्रमोद कुमार की ओर इस संबंध में पुलिस मुख्यालय को प्रस्ताव भेजा गया है। उसके खिलाफ पूर्व से ही भोजपुर पुलिस की ओर से भी इनाम रखा गया था। कुख्यात मुन्ना मियां नगर थाना क्षेत्र के धरहरा निवासी जेल में बंद नइम मियां का पुत्र है। उसका नाम टॉप टेन अपराधियों की सूची में पांचवें नंबर पर है। उसके खिलाफ नगर थाने में हत्या सहित करीब सात से आठ मामले दर्ज हैं। उसकी गिनती सुपारी किलर में होती है। पिछले साल नगर थाना क्षेत्र माह में नवंबर को पूर्व वार्ड के पुत्र और जून माह में इलेक्ट्रॉनिक व्यवसायी की हत्या में उसका नाम आया था। दोनों मामलों में उस पर सुपारी लेकर हत्या करने का आरोप लगा है।

## एक नजर

### हर पंचायत में की जाएगी बैठक : जिलाध्यक्ष




**जहानाबाद।** जदयू जिला कार्यालय में भीम राव अम्बेडकर जयंती मनाने को लेकर जिलाध्यक्ष गोपाल शर्मा की अध्यक्षता में एक बैठक आयोजित की गई। जिसमें प्रत्येक पंचायत में भीम चौपाल का आयोजन, भीम संवाद कार्यक्रम को सफल बनाने में हर घर में स्टीकर लगाने और 13 अप्रैल को जिले के हर पंचायत में महादलित टोला में जयंती के पूर्व संध्या में पंचायत अध्यक्ष के नेतृत्व में महादलित टोले में दीप प्रज्वलित किया जाएगा। साथ ही, 14 अप्रैल महादलित टोले धूमधाम से मनाने को लेकर विचार विमर्श किया गया। 10 अप्रैल से लेकर 12 अप्रैल तक हर प्रखंड के पंचायत स्तर तक बैठक आयोजित किया जाएगा। हर पंचायत के सबसे बड़े टोले को चयनित कर उस टोले में अंबेडकर जयंती समारोह धूम धाम से आयोजित किया जाएगा। इस बैठक में शामिल अनुमंडल समन्वयक सह प्रदेश सचिव शत्रुधन पासवान, जिला संगठन प्रभारी महेंद्र कुमार सिंह, प्रधान महासचिव रामभवन सिंह कुशवाहा, प्रदेश सचिव निरंजन कुमार अम्बेडकर, युगेश दास मनोज कुमार सिंह, जिला प्रवक्ता अमित कुमार उर्फ पम्मु, प्रखंड अध्यक्ष प्रेम कुमार पप्पु, रणधीर पटेल, विनय विद्यार्थी, संजय विश्वकर्मा, नगर अध्यक्ष चंदन कुमार सिंह, अवधेश दास, संदीप दास, चंदन दास, मुरारी यादव,मधेश्वर यादव, सहित दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### भारतीय संविधान की हिफाजत और अभिव्यक्ति की आजादी की रक्षा के लिए संघर्ष करो

**जहानाबाद।** अखिल भारतीय शान्ति व एकजुटता संगठन की जिला कोर ग्रुप की मिटिंग देवरिया स्थित एआईपीएसओ के जिला कार्यालय में सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता पूर्व जिला पार्षद जगदीश प्रसाद ने की जबकि संचालन एआईपीएसओ के जिला संयोजक दिनेश प्रसाद ने किया। बैठक मे जिला संयोजक दिनेश प्रसाद के अलावे मिडिया प्रभारी सूर्य कान्त सिंह, पूर्व जिला पार्षद जगदीश प्रसाद, सुजीत कुमार अधिवक्ता, अनिल कुमार, बैजनाथ साव आदि उपस्थित थे। बैठक में सर्वप्रथम महान साहित्यकार व दार्शनिक पंडित राहुल सांस्कृत्यायन को उनके जन्मदिन पर नमन किया गया एवं उनकी पुस्तक 'भागो नही, दुनिया बदलो' पर चर्चा की गयी। उनके बिचार आज भी प्रासंगिक है। वैश्विक साम्राज्यवाद के बढते खतरे एवं सम्प्रदायिक विद्वेष के खिलाफ एवं विश्व शान्ति के पक्ष में एकजुटता व्यक्त की गयी एवं भारतीय संविधान कीहिफाजत व अभिव्यक्ति की आजादी की रक्षा के लिए संघर्ष का आह्वान किया गया। जिला संयोजक दिनेश प्रसाद ने 4-5 मार्च को चण्डीगढ में सम्पन्न एआईपीएसओ के राष्ट्रीय सम्मेलन की रिपोटिंग की गयी। दिनेश प्रसाद को राष्ट्रीय परिषद का सदस्य चुने जाने पर प्रसन्नता व्यक्त की गयी एवं उन्हें बधाई दी गयी। बैठक में इस माह के अंत तक जिला सम्मेलन करने का निर्णय लिया गया।




### पंचायत के समग्र विकास को ले सभा का आयोजन

**जहानाबाद।** भाकपा माले के आह्वान पर भगत सिंह व अंबेडकर के सपनों का भारत बनाओ अभियान के तहत पंचायत के समग्र विकास के सवाल पर साहोविगहा बाजार में एक विशाल सभा का आयोजन किया गया। ज्ञात हो कि पंचायत मुख्यालय में ही पंचायत सरकार भवन और अस्पताल बनाने का प्रावधान है। जमीन उपलब्ध रहने तथा तमाम प्रक्रिया पूरा करने के बाद भी क्षेत्र के दबंगों, माफियाओं ने तिकड़म कर पग-पग पर बाधा पैदा कर दलित, पिछड़ा बाहुल्य इलाके में कोई भी सरकारी संस्थान बनाने देना नहीं चाहता है। इन दबंगों के दलित, पिछड़ा और गरीब विरोधी हरकत से आम-आवाम में भारी रोष व्याप्त है। पूर्व मुखिया बालू माफिया संजीत कुमार उर्फ डॉक्टर और विजय यादव विगत चुनाव हारने से बौखलाए हुए हैं। भ्रष्टाचार और अनियमितता की खुलती पोल से बेचैन होकर आम जनता के विकास में बाधा पैदा करने में लगे हैं। साहोविगहा बाजार में आयोजित महती सभा में बड़ी संख्या में मजदूर, किसान, दुकानदार, बुद्धिजीवी, महिलायें, छात्र, युवा शामिल हुए। जिला प्रशासन और सरकार से शीघ्र अस्पताल और पंचायत भवन निर्माण कार्य अभिलंब शुरू कराने की मांग किया ताकि क्षेत्र का विकास तेजी से हो सके। सभा की अध्यक्षता तथा संचालन पूर्व सरपंच एवं जिला कमेटी सदस्य बुद्धदेव यादव ने किया। सभा को किसान महासभा के राज्य सचिव सौखिन यादव, इंन्द्रेश पासवान, प्रखंड कमिटी सदस्य सह साहो विगहा पंचायत के मुखिया अशोक साव प्रेमचंद मांक्षी, कमलेश कुमार, बुंदेल दास साहोविगहा के सरपंच सुमित्रा देवी, कुर्रे मुखिया आशा देवी, उप सरपंच इन्दुदेवी, बाढ़न पासवान, अमरेन्द्र पासवान आदि ने संबोधित किया। मोदी सरकार 70 साल के मेहनत और उपलब्धियों को अपने मित्रों के हवाले औने- पौने दामों में नीलाम कर रही है। राजनीतिक विरोधियों को षड्यंत्र के तहत जेल भेजने, बदनाम करने का नंगा खेल ही फासीवाद का खुला प्रदर्शन है।



### दु:खद...घर से बाजार जाने के दौरान बेलगाम ट्रक ने बुजुर्ग को रौंदा, मौत



**केटी न्यूज/आरा**

आरा-अरवल रोड पर सहार थाना क्षेत्र के खैरा बाजार के समीप रविवार तड़के बेलगाम ट्रक ने चाय पीने बाजार जा रहे एक बुजुर्ग को रौंद दिया। हादसे में उनकी घटनास्थल पर ही मौत हो गयी। मृतक खैरा गांव निवासी 72 वर्षीय पतिलाल साव उर्फ पोती साव थे। वहीं हादसे के बाद चालक ट्रक लेकर भाग निकला।

सूचना मिलने पर पुलिस पहुंची और शव का पोस्टमार्टम कराया गया। बुजुर्ग के बेटे दिनेश साव ने बताया कि रविवार की अहले सुबह उसके पिता चाय पीने के लिए खैरा बाजार जा रहे थे। उसी दौरान एक ट्रक ने रौंद दिया। उसके बाद वहां मौजूद लोगों की सूचना पर वे लोग घटनास्थल पर पहुंचे और उन्हें इलाज के लिए सहार स्थित निजी अस्पताल ले गए। वहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। बताया जा रहा है कि बुजुर्ग को तीन पुत्र अवधेश साव, दिनेश साव, विनेश साव और पुत्री गंगाजली देवी है। उनकी पत्नी रामकुमारी देवी और सबसे छोटा पुत्र विनेश साव की सोन नदी में नाव पलटने के कारण मौत से 11 वर्ष पूर्व मौत हो गई थी। घटना के बाद उनके घर में कोहराम मच गया है।

## जहानाबाद सदर अस्पताल के जर्जर भवन को तोड़कर बनाया जाएगा नया आठ मंजिला भवन, तैयारी पूरी

- 92 बेड का प्रस्तावित अस्पताल होगा अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस

**केटी न्यूज/जहानाबाद**

जिले के सबसे बड़े सरकारी अस्पताल यानि सदर अस्पताल के शेष बचे जर्जर भवन को डिमॉलिस कर जी प्लस आठ मॉडल यानि ग्राउंड फ्लोर के अलावा आठ मंजिला बिल्डिंग बनाने की योजना पर काम करने की तैयारी हो रही है। जिला प्रशासन के स्तर से भी इस दिशा में काफी कोशिशें की जा रही है लेकिन सदर अस्पताल के नए प्रस्तावित जगह को लेकर कृषि विभाग से जमीन ट्रांसफर का पेंच लंबे अरसे से फंसा हुआ है। गौरतलब हो कि परिसर में 92 बेड के अत्याधुनिक सुविधाओं वाले प्रीफैब्रिकेटेड अस्पताल बनाने के लिए पहले ही स्वीकृति मिल चुकी है।

स्वीकृति मिलने के बाद प्रथम चरण में पचास बेड का प्री-फाइब्रिकेटेड अस्पताल बनकर चालू भी हो गया है। दूसरे चरण में और 42 बेड के अस्पताल के निर्माण के लिए प्रक्रियागत कार्रवाई शुरू कर दी गई है। सदर अस्पताल के पूर्वी भाग में बने पुराने बिल्डिंग को शीघ्र ही डिमॉलिश कर उसमें 42 बेड का एक और प्री-फाइब्रिकेटेड अस्पताल बनाया जाएगा। उसमें अस्पताल के इमरजेंसी सहित कुछ अन्य महत्वपूर्ण प्रभागों को




शिफ्ट करने के बाद आगे सदर अस्पताल के पुराने भवन की जगह वैकल्पिक नया भवन बनाने की योजना है।

**फाइब्रिकेटेड भवन पूरा होने के बाद तोड़ा जाएगा :** जिला स्वास्थ्य समिति के डीपीएम खालिद हुसैन ने बताया कि सदर अस्पताल के नए भवन के लिए कृषि विभाग से जमीन की उपलब्धता के लिए पहले से ही स्वास्थ्य विभाग ने प्रस्ताव भेजा है। अब तक स्वीकृति नहीं मिली है। 42 बेड का नया प्री-फैब्रिकेटेड अस्पताल बन जाने के बाद अस्पताल के महत्वपूर्ण प्रभागों को वहां शिफ्ट कर पुराने व जर्जर भवन को पूरी तरह से डिमॉलिश कर उसके जगह जी प्लस आठ यानि ग्राउंड फ्लौर के साथ आठ मंजिला भवन के निर्माण के प्रस्ताव पर काम किया जा रहा है। अभी यह योजना प्रारंभिक स्तर पर है। अगर जी प्लस आठ भवन की प्लानिंग जमीन पर उतर जाएगी तो शायद सदर अस्पताल में जगह की समस्या का शायद स्थाई व प्रभावी समाधान संभव हो सकेगा।

**पहले चरण के फाइब्रिकेट बिल्डिंग से मिली राहत :** सदर अस्पताल के पूर्वी हिस्से के जर्जर भवन में कार्यरत टीवी वार्ड एवं कैंटीन को हटाकर पचास बेड का नए प्री-फाइब्रिकेटेड बिल्डिंग बन जाने से मरीजों को राहत मिली है लेकिन समस्या अब भी बरकरार है। छोटे-छोटे अंतरालों पर अस्पताल का जर्जर भवन का हिस्सा टूटकर नीचे टपकता रहता है। कई दफे मरीज व वहां काम करने वाले कर्मी जख्मी भी होते रहे हैं। डीपीएम के अनुसार दूसरे फेज में 42 बेड का एक और प्रीफ्राइब्रिकेटेड अस्पताल बनाने के लिए औपचारिकताएं पूरी की जा रही है।

## पढ़ाई व घर के कामों के बीच अपने व्यस्त समय से कुछ समय निकाल मरीजों की सेवा कर रही हैं टीबी चैंपयिन

# सराहनीय कदम : टीबी मरीजों की जिंदगी को सकारात्मक दिशा दे रही राखी

- रोग से उबरने के लिए टीबी मरीजों की करती हैं काउंसलिंग

**केटी न्यूज/गया**

मन के हारे हार है मन के जीते जीत। इस कहावत को राखी कुमारी पूरी तरह चरितार्थ करती हैं। 21 वर्षीय राखी स्नातक की छात्रा हैं। अपनी पढ़ाई, घर के कामों आदि जैसे कामों के लिए अपने व्यस्त समय से कुछ समय वह टीबी मरीजों की सेवा के लिए भी निकालती हैं। राखी टीबी मुक्ति वाहिनी के साथ काम करती हैं और समय समय पर क्षेत्र



भ्रमण कर टीबी मरीजों के बीच उनकी काउंसलिंग करती हैं। काउंसलिंग की मदद से टीबी रोग से उबरने के लिए उनकी इच्छाशक्ति को मजबूत करती हैं। राखी के परामर्श से टीबी मरीजों जीवन को सकारात्मक देखने का बल मिलता है और उनमें ऊर्जा का संचार होता है। टीबी रोगियों के जीवन को आसान बनाने के लिए उन्हें नियमित दवा सेवन और उच्च पोषण वाले आहार लेने की सलाह, निक्षय पोषण योजना की जानकारी देने और इस योजना के तहत मिलने वाली राशि दिलाने में मदद जैसे काम शामिल हैं।

**स्वयं भी थी टीबी मरीज, अब करती हैं टीबी मरीजों की मददः** राखी बताती हैं कि वह स्वयं भी एक टीबी मरीज रही थी। जब वह दसवीं कक्षा में थी तब उन्हें भी टीबी हो गया था. लेकिन इस रोग से ग्रसित के होने के बावजूद ना तो वह हताश निराश हुई और ना ही उनके परिजन। डॉक्टरों की सलाह को गंभीरता से माना और नियमित दवा सेवन कर स्वस्थ हो गयी। साथ ही उन्होंने अपनी पढ़ाई जारी रखी। वह कहती हैं एक समय में जब वह स्वयं टीबी की बीमारी से ग्रसित थी तो समझ नहीं आता था कि जिंदगी कैसे कटेगी। लेकिन उन्होंने एक दृढ़ निश्चय के साथ रोग से उबरने की ठान ली। आज अपनी पढ़ाई के साथ जीवन को एक दिशा देते हुए दूसरे टीबी रोगियों की सेवा कर रही हूं। इस सेवा से आत्मिक संतोष मिलता है। वह कहती हैं कि एक टीबी मरीज को लेकर समाज में कई तरह की भ्रांतियां और नकारात्मक भाव जन्म लेता है, लेकिन लोगों को यह जानना चाहिए कि ऐसे संक्रामक रोग किसी को भी हो सकता है। ऐसे रोगियों से भेदभाव नहीं कर उनके उपचार में मदद दिलाना जरूरी है। वह बताती हैं कि एक टीबी मरीज होने के बाद भी कभी मुझसे मेरे दोस्तों या दूसरे रिश्तेदारों ने भेदभाव नहीं किया, मुझे अकेला नहीं छोड़ा और एहतियात के साथ मिलते रहे और इस तरह उपचार में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया।

## खबरें फटाफट

### केसठ भट्ठा पुल बना अपराधियों का अड्डा

**केसठ।** केसठ का भट्ठा पुल अपराधियों का अड्डा बन गया है। यहां आए दिन अपराधिक घटनाएं घट रही है। जानकारों का कहना है कि शाम ढलने के बाद पुल के आस पास अपराधियों का जमावड़ा लग जाता है। 2 अप्रैल को इसी पुल पर एक युवक से हथियार के बल पर बाइक की लूट हुई थी। बाद में पुलिस ने घटना में शामिल अपराधियों को भी इसी जगह से गिरफ्तार किया था। जानकारों की मानें तो यहा अपराधियों का मनोबल इतना बढ़ा हुआ है कि उन्हें पुलिस का भय नहीं है। पुल पर आए दिन छिनतई की घटना देखी जा रही है। अपराधी इसी पुल के जरिए क्षेत्र में नए नए अपराध को अंजाम दे रहे है। बता दें कि इस पुल पर कुछ ही दिनों में लूट की दो घटनाएं हुई हैं। इससे रात्रि तो दूर लोग दिन में भी उस रास्ते से जाने में भयभीत हो रहे हैं। लोगों के अंदर यह भय बना हुआ है कि कहीं हमारे साथ भी कोई अप्रिय घटना न घटित हो जाए। इसे देखते हुए नावानगर पुलिस द्वारा पुल पर रात्रि के समय चौकीदार की तैनाती की गई है। जो इस बात की पुष्टि कर रही है कि यहां लूटेरे सक्रिय है।

### पश्चिमी रेलवे क्रासिंग पर लूप लाइन में जाने के दौरान पटरी से उतर गई तीन बोगियां, घटना के कारण बाधित रहा डाउन लाइन

# डुमरांव में डिरेल हुई मालगाड़ी, छठ घंटे परिचालन ठप

**केटी न्यूज/डुमरांव**

दानापुर पंडित दीनदयाल उपाध्याय रेलखंड के डुमरांव स्टेशन के पश्चिमी रेलवे क्रॉसिंग पर रविवार को दोपहर एक मालगाड़ी डिरेल हो गई। जिस कारण डाउन लाइन में छह घंटे तक परिचालन ठप हो गया था। इसका असर सड़क परिचालन पर भी पड़ा तथा पश्चिमी रेलवे क्रांसिंग को पार करने वाले डुमरांव बिक्रमगंज पथ पर भी परिचालन पूरे दिन ठप रहा। यात्री व वाहन चालक पूर्वी रेलवे क्रासिंग के सहारे अपनी यात्रा पूरी किए। मालगाड़ी के डीरेल होने की जानकारी मिलते ही रेल प्रशासन में हड़कंप मच गया था।

आनन फानन में इसकी सूचना दानापुर कंट्रोल को दी गई। सूचना मिलते ही वहां से तकनीशियनों की टीम डुमरांव के लिए निकल गई। वहीं स्थानीय रेल प्रशासन की स्थिति से निपटने में मुस्तैदी से लगा रहा। रेलवे क्रॉसिंग पर मालगाड़ी के पटरी होने से डुमरांव बिक्रमगंज पथ पर दोपहर 12.00 बजे से ही परिचालन पूरी तरह से ठप हो गया था। मिली जानकारी के अनुसार दिल्ली की तरफ से एक मालगाड़ी दानापुर जा रही थी। पश्चिमी क्रासिंग से थोड़ा पहले मेन लाइन से लूप लाइन में आने के दौरान माल गाड़ी का बोगी नंबर एक्स 98413, एक्स 99228 पूरी तरह से जबकि बोगी नंबर एक्स 019058 आंशिक रूप से पटरी से उतर गया। इस दौरान तेज आवाज होने से आस पास में मौजूद लोगों में भगदड़ मच गई थी। माजरा समझने के बाद लोगों ने राहत की सांस ली।









**डीआएम ने दिए जांच के आदेश:** मालगाड़ी के बेपटरी होने की घटना को रेल प्रशासन ने गंभीरता से लिया है। दानापुर मंडल के डीआरएम प्रभात कुमार ने इसके जांच के आदेश दे दिए है। उन्होंने परिचालन बहाल होने की पुष्टि करते हुए बताया कि घटना की जांच करवाई जा रही है। दोषियों पर कार्रवाई की जाएगी।

### शाम 5.37 बजे शुरू हुआ परिचालन

घटना दोपहर 11.50 बजे हुई। करीब एक बजे दानापुर मंडल के डीआरएम प्रभात कुमार, एडीआरएम अधार राज, वरीय मंडल अभियंता स्वाति राज, सीएसओ शिवकुमार प्रसाद, आरपीएफ के एईएन राजेश मीणा, वीजेन्द्र मुआल, सुनील कुमार, यातायाता निरीक्षक रवि भूषण समेत बड़ी संख्या में तननिशियन व आरपीएफ के जवान पहुंचे। इसके बाद बेपटरी हुई मालगाड़ी के डब्बे को पटरी पर लाने की कवायद शुरू हुई। इंजिनियरों के निर्देशन में मजदूरों ने घंटों मशक्कत के बाद परिचालन बहाल किया। शाम करीब 5.37 बजे डाउन लाइन में परिचालन शुरू हुआ। इसके पहले लगभग साढ़े चार बजे डाउन लाइन की कुछ गाड़ियों को अप लाइन से निकाला गया था।

### बाधित हुई कई ट्रेनें, परेशान हुए यात्री

इस घटना से पंडित दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन से बक्सर के बीच डाउन लाइन की कई ट्रेनें विभिन्न स्टेशनों पर खड़ी रहीं। जिस कारण रेल यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। कई यात्री तो अपने निर्धारित ट्रेन को छोड़ सड़क मार्ग से अपनी यात्रा पूरी किए। डुमरांव के नीरज सिंह ने बताया कि घटना के वक्त वे पैसेंजर ट्रेन में चौसा तक आ गए थे। जैसे ही उन्हें डुमरांव में मालगाड़ी के डिरेल होने की जानकारी मिली, उन्होंने कुछ देर बाद ही सड़क मार्ग से डुमरांव आना उचित समझा। वहीं वाराणसी से आ रही माधुरी देवी समेत कई अन्य यात्रियों को भी सड़क माग का सहारा लेना पड़ा। हालांकि बड़ी संख्या में यात्रियों ट्रेन में बैठकर ही परिचालन सही होने का इंतजार करना पड़ा।

# खत्म हुई वैक्सिन की डोज, कैसे होगा कोरोना से बचाव

**केटी न्यूज/बक्सर**

कोरोना के नये वेरिएंट में सूबे में दस्तक दे दी है। राजधानी पटना समेत कई शहरों में इसके मामले तेजी से बढ़ रहे है। बावजूद इससे निपटने के लिए स्वास्थ विभाग सिर्फ लोगों को नसीहतें ही दे रहा है। बता दें कि जिले में कोरोना वैक्सिन की डोज समाप्त हो गई है। जबकि अभी कई लोग पहले व दूसरे डोज से वंचित हैं। प्रीकॉशन डोज से वंचितों की संख्या तो और अधिक है।

हालांकि नये मामले बढ़ने के बाद स्वास्थ विभाग भी अलर्ट मोड में आ गया है। अभी से ही संभावित स्थिति से निपटने की तैयारी तेज हो गई है। लेकिन वैक्सिन के अभाव में स्वास्थ विभाग की तैयारियां ख्याली पुलाव जैसा लग रहा है। ऐसे में लोग यह मना रहे है कि नया वेरिएंट पहले व दूसरे फेज की तरह तेजी से न फैले। ऐसा होने पर उन्हें सिर्फ भगवान भरोसे ही इस नये वेरिएंट से निजात मिल सकती है। बता दें कि पहले से ही स्वास्थ विभाग संसाधनों से वंचित रहा है। वहीं अब वैक्सिन की डोज समाप्त होने के बाद लोगों में भय बढ़ते जा रहा है। इधर जानकारों की मानें तो 31 मार्च के बाद से ही पूरे राज्य में वैक्सिन समाप्त हो गया है। ऐसे में शीघ्र वैक्सिन आने की उम्मीद भी नहीं है।

**लोगों को याद आने लगा है वैक्सिन:** बता दें कि केन्द्र सरकार द्वारा वैक्सिनेशन के पहले व दूसरे डोज के साथ ही प्रीकॉशन डोज को भी मुफ्त ही दिया जा रहा था। बावजूद बड़ी संख्या में लोग वैक्सिनेशन से वंचित रह गए हैं। जानकारी के अनुसार जिले में 25 लाख 34 हजार लोगों को वैक्सिन के सभी डोज लगाये गये है। जबकि करीब 14 लाख लोग विभिन्न कारणों से वंचित रह गए थे। स्वास्थ विभाग के आंकड़ो की मानें तो 82 प्रतिशत लोगों ने ही प्रथम डोज लिया था। जबकि प्रथम डोज लेने वालों में 92 प्रतिशत ने दूसरा डोज लिया है। वही मात्र 35 प्रतिशत लोग ही प्रीकॉशन डोज लगवाए है। नया मामला सामने आने के बाद लोगों में वैक्सिनेशन के प्रति रूझान बढ़ा है। जिले के विभिन्न स्वास्थ केन्द्रों पर हर दिन लोग वैक्सिन लगवाने जा रहे है। लेकिन डोज समाप्त होने से उन्हें निराश हो लौटना पड़ रहा है।

### क्या कहते हैं जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी

जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी डा राजकिशोर सिंह ने कहा कि जिले में फिलहाल कोविड से बचाव का वैक्सीन नहीं है। इससे वैक्सीनेशन कार्य पूरी तरह ठप है। इसके आने के बाद हीवैक्सिनेशन शुरू होगा। हालांकि लोगों को कोविड गाइडलाइन के पालन करने की अपील की जा रही है।

# भगवान वामन चेतना मंच ने आयोजित किया निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर

**केटी न्यूज/बक्सर**

रविवार को भगवान वामन चेतना मंच के बैनर तले एमपी हाई स्कूल परिसर में एक निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। जिसका उदघाटन एसडीओ धीरेंद्र कुमार मिश्र, एमपी हाई स्कूल के प्राचार्य डॉ विजय मिश्र एवं पटना के डॉक्टरों ने किया।

इस शिविर में मरीजों की जांच के साथ ही जरूरतमंदों को मुफ्त दवा भी दी गई। पूरे दिन चले इस शिविर में सैकड़ो मरीजों का जांच व इलाज किया गया। शिविर में पटना के लिवर रोग विशेषज्ञ डॉ मनोज कुमार, हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ निशांत त्रिपाठी, किडनी एवं मूत्र रोग विशेषज्ञ डॉ शशि प्रकाश, हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ प्रवीण कुमार झा, शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ शशांक ओझा, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ अमिता भारती, नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ अजीत द्विवेदी, दंत रोग विशेषज्ञ डॉ विनय कुमार, सर्जन श्रीनिवास उपाध्याय, डॉ रंगनाथ तिवारी, जेनरल फिजीशियन डॉ एडी उपाध्याय, सर्जन एवं फिजीशियन डॉ आशीष, फिजियोथेरेपिस्ट डॉ टीएन पाठक एवं डॉ श्वेता पाठक मौजूद थे। कार्यक्रम के सफल संचालन में भगवान वामन चेतना मंच के मनमन पांडेय, मृत्युंजय तिवारी, प्रमोद चौबे, प्रकाश पांडेय, संजय ओझा, मनोज तिवारी, प्रियव्रत पांडेय की भूमिका सराहनीय रही।

## एक नजर

### विवेक सिन्हा मेमोरियल चैरिटेबल ट्रस्ट बक्सर ने आयोजित किया रक्तदान शिविर




**बक्सर।** बक्सर जिले के चिर्चित पत्रकार व सामाजिक कार्यकर्ता रहे स्व विवेक सिन्हा की स्मृति में विवेक सिन्हा मेमोरियल चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा कई तरह के रचनात्मक कार्यक्रम आयोजित कर उनके योगदानों को याद किया जा रहा है। इसी कड़ी में रविवार को रेडक्रास सोसायटी के सौजन्य से ट्रस्ट द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया था। ट्रस्ट द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया गया है कि बक्सर के युवा पत्रकार विवेक की स्मृति में आयोजित कार्यक्रमों की श्रृंखला के तहत स्थानीय रेडक्रास द्वारा संचालित ब्लड बैंक में रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। इस मौके पर संस्थान के संरक्षक विनय कुमार सिन्हा ने बताया कि 2012 में विवेक की असामयिक मृत्यु हो गई थी। उसके बाद उनके द्वारा चलाये जा रहे शिक्षा व समाजिक जगत में कई रचनात्मक कार्यक्रमों को आगे बढ़ाया जा रहा है। उसी कड़ी में रक्तदान शिविर आयोजित हुआ है। इस संबंध में ट्रस्ट के प्रोगाम-कोआर्डिनेटर सह केनारा बैंक में कार्यरत दीपशिखा ने बताया कि उज्ज्वल श्रीवास्तव ,विमल कुमार सिंह, हरिओम, आशुतोष, संदीप कुमार, अजीत कुमार पांडेय और शिशुपाल ने रक्तदान किया। रक्तदान शिविर के इस कार्यक्रम में ट्रस्ट के सुलभ कुमार सिन्हा, शिक्षक राहुल सिन्हा, सोनू, उज्ज्वल, प्रियंका, दीपांकर, अभय कुमार, धर्मेंद्र यादव, धर्मेन्द्र पांडेय, आशीष, अमन, रवि रंजन पासवान, रश्मि, ममता, दीपक, दीपांकर, अनु सिंह, प्रकाश, मुनजी, मोहन यादव, तेजप्रकाश श्रीवास्तव, विक्की, पल्लवी, प्रकाश, अर्जुन, विशाल, राजकुमार, संदीप समेत संस्थान के दर्जनों सदस्य उपस्थित रहे।

### स्लम बस्ती में समरसता भोज का आयोजन कर भाजपा ने मनाया स्थापना दिवस

**बक्सर।** भारतीय जनता पार्टी अपने स्थापना दिवस को सेवा सप्ताह के रूप में मना रही है। इस कड़ी में रविवार को स्लम बस्ती में समरसत भोज का आयोजन किया गया था। समरस समाज की कल्पना को लेकर आयोजित इस भोज में सभी जाति, धर्म और सम्प्रदाय के लोगों ने एक साथ पंगत में बैठ भोजन किया। समरसता भोज में कुर्मी समाज, साहू समाज, ठाकुर समाज, युवा दलित समाज, गुप्ता समाज, जैन समाज, वैष्णव समाज, सतनामी समाज, आदिवासी समाज, बौद्ध समाज, निर्मलकर समाज सहित सभी समाज के लोग शामिल हुए। मौके पर भाजयुमो जिलाध्यक्ष डॉ प्रियरंजन चौबे विशेष रूप से उपस्थित रहे। जबकि भोज में प्रदेश कार्यसमिति सदस्य पीयूष राय, जिला उपाध्यक्ष अक्षय ओझा, हीरामन राम, भोला महतो, शोभित राम, प्रभात मुशहर, जितेंद्र पासवान सहित दर्जनों लोग उपस्थित थे।



### लोस चुनाव में भाजपा को मात देने के लिए सभी विपक्षी दलों को दिखानी होगी एकजुटता : चौबे

**बक्सर।** वरिष्ठ कांग्रेस नेता टीएन चौबे ने कहा है 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा को शिकस्त देने के लिए सभी विपक्षी दलों को एकजुटता दिखानी होगी। उन्होंने कहा कि विपक्ष का प्रधानमंत्री कौन होगा इससे अधिक महत्वपूर्ण है कि हम केन्द्र की मोदी सरकार को पराजित कर देश में लोकतंत्र की रक्षा करें। उन्होंने कहा कि 2024 लोकसभा चुनाव को देखते हुए पार्टी के हर-एक कार्यकर्ता को बूथ लेवल तक काम करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के नाम पर हमें चुप्पी साधनी होगी। बिना किसी शर्त एकसाथ चुनाव लड़ कर ही हम बीजेपी को गद्दी से उखाड़ फेंकेंगे। वहीं श्री चौबे ने कहा अडानी-अंबानी जैसे कॉरपोरेट घरानों को लाभ पहुंचाने वाली केंद्र सरकार का कलई बहुत जल्द ही खुलने वाला है। जनता के बीच में चुनाव में यह चुनावी मुद्दा होगा। ईडी और सीबीआई ये दोनों केंद्र सरकार के तोते है। आगामी लोकसभा चुनाव के बाद इन तोतों की भी बोलती बंद हो जाएगी।

# ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा की लौ जलाने में महत्वपूर्ण बन रही निजी स्कूलों की भूमिका : मुन्ना तिवारी

**केटी न्यूज/डुमरांव**

निजी विद्यालय अब शहरों के साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा का लौ जलाने में महत्वपूर्ण साबित हो रहे है। शिक्षा का दान करना सबसे बड़ा दान है। उक्त बातें बक्सर सदर विधायक संजय कुमार तिवारी उर्फ मुन्ना तिवारी ने रविवार को आथर गांव में कही। वे यहा संचालित हो रहे एसएनपी शांतिनिकेतन विद्यालय के वार्षिकोत्सव में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे थे। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ दशकों में हमारी आबादी तेजी से बढ़ी है। ग्रामीण क्षेत्र में मासूमों को शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ने में निजी विद्यालय अब जरूरी बन गए है।

उन्होंने एनएनपी शांतिनिकेतन आथर के डायरेक्टर सचिन भास्कर व पूरी टीम को धन्यवाद देते हुए कहा कि कम समय में ही यह शिक्षा का अलख जगाने में कारगर साबित हो रहा है। उन्होंने उम्मीद जताया कि इस स्कूल द्वारा ऐसे ही छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दी जाती रहेगी। इसके पहले विधायक व नावानगर प्रखंड के प्रमुख अंकित यदुवंशी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का उदघाटन किया। मौके पर विद्यालय के छात्र छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश कर उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों की फेहरिस्त में स्वागत गीत, समसामयिक विषय पर नाटक, नृत्य, सहगान, भाषण आदि शामिल था। जिसमें ढोल बाजे, माई के चुनरियां, झांसी की रानी, प्रेम रतन धन पायों, चटक मटक आदि ग्रुप डांस के अलावे अनपढ़ नेता, संघर्ष अस्तित्व का, आधुनिक विवाह व नशा सोशल मीडिया का जैसे नाटक की दर्शकों ने जमकर प्रशंसा की। इस मौके पर अपने उद्बोधन में विद्यालय के डायरेक्टर सचिन भास्कर ने कहा कि उनका उदेश्य छात्रों को आधुनिक व प्रतियोगी शिक्षा देना है। ताकी यहा से निकले छात्र देश व दुनिया में नाम रौशन कर सके। उन्होंने कहा कि ग्रामीण परिवेश के बावजूद यहा के छात्रों में अपार प्रतिभा है। उसे तराशने में हमारे सभी शिक्षक सराहनीय भूमिका निभा रहे है।



# विश्वामित्र हॉस्पिटल में सर्जरी कर महिला के पेट से निकाला गया आठ किलो का ट्यूमर

- डॉ. राजीव कु. झा व डॉ. आशीष तिवारी ने किया सफल ऑपरेशन, गिरिजा देवी को मिला नया जीवन

**केटी न्यूज/बक्सर**

बक्सर जैसे कस्बाई शहर में भी अब जटिल मर्जों की सफल सर्जरी होने लगी है। रविवार को गोलंबर के पास स्थित विश्वामित्र अस्पताल में एक महिला के पेट से 8 किग्रा का ट्यूमर निकाला गया। जिले में शायद यह पहला मामला है जब इतने बड़े ट्यूमर की सफल सर्जरी हुई है। यह मुमकिन कर दिखाया है विश्वामित्र अस्पताल के डायरेक्टर डॉ. राजीव कुमार झा व डॉ. आशीष तिवारी ने। बता दें कि अस्पताल में जांच कराने यूपी के उजियार की 45 वर्षीय गिरिजा देवी पति बेचन प्रसाद आई थी। उसके पेट में सूजन तथा दर्द हो रहा था। बार बार उल्टी भी हो रही थी।

शुरूआती दौर में परिजन समझ रहे थे कि वह गर्भवती है। लेकिन जब अस्पताल में जांच पड़ताल शुरू हुई तो उसके पेट में बच्चें की जगह ट्यूमर की पुष्टि हुई। जिसके बाद परिजनों की सहमति के बाद डाक्टरों द्वारा सर्जरी कर ट्यूमर को निकाल दिया गया। ट्यूमर का सफल आपरेशन के बाद गिरिजा देवी को नया जीवन मिल गया है। जिसके बाद उसके परिजनों ने डॉ. झा के प्रति आभार जताया है। गिरिजा के पति बेचन ने बताया कि वे लोग निराश हो चुके थे। लेकिन विश्वामित्र अस्पताल द्वारा न सिर्फ सफल सर्जरी की गई बल्कि मानवता भी दिखाई गई है। वहीं अस्पताल के डायरेक्टर डॉ. राजीव झा ने कहा कि यह बहुत मुश्किल सर्जरी थी। ट्यूमर काफी बड़ा हो गया था। लेकिन मरीज के परिजनों ने उनपर जो भरोसा दिखाया उससे उनका उत्साह बढ़ा। उन्होंने कहा कि वे इसके पहले भी कई गंभीर आपरेशन कर चुके हैं। जिससे वे इस बात से आश्वस्त थे कि सर्जरी सफल होगी। बताते चलें कि विश्वामित्र अस्पताल में समय समय पर निःशुल्क जांच शिविरों का आयोजन किया जाता है। इसी क्रम में बीते दिन आयोजित जांच शिविर में उजियार से गिरिजा देवी भी जांच को पहुंची थी। जिसके बाद उनका सफल ऑपरेशन किया गया।



### केन्द्रीय मंत्री अश्विनी चौबे के संयोजन में दिल्ली के छतरपुर में चल रहा है सनातन संस्कृति समागम

# दिल्ली में सैंड आर्टिस्ट ने रेत पर उकेरा बक्सर का धार्मिक व आध्यात्मिक महत्व

**केटी न्यूज/बक्सर**

केन्द्रीय मंत्री सह बक्सर सांसद अश्विनी कुमार चौबे के प्रयासों से अब बक्सर के धार्मिक व आध्यात्मिक महत्व की महक पूरे देश में फैल रही है। इसकी बानगी केन्द्रीय राजधानी दिल्ली के छतरपुर में आयोजित सनातन संस्कृति समागम में भी देखने को मिली। जब देश के जाने माने सैंड आर्टिस्ट ( रेत से कलाकृतियां बनाने वाले ) नीतीश भारती ने सैंड आर्ट के माध्यम से बक्सर के मानचित्र के साथ ही भगवान श्रीराम व भगवान वामन को प्रदर्शित किया। करीब 30 मिनट के उनके शो के दौरान वहां मौजूद लोग बक्सर के धार्मिक व अध्यात्मिक महत्व को जान आश्चर्यचकित थे। नीतीश द्वारा सैंड आर्ट के माध्यम से बक्सर के धार्मिक व आध्यात्मिक महत्व का बखूबी चित्रण किया गया था। जिसमें भगवान श्रीराम के बक्सर आगमन, ताड़का वध से लेकर उनके पराक्रम की गाथा के साथ ही वामन अवतार का चित्रण किया था। नीतीश ने श्रीराम कर्मभूमि न्यास सिद्धाश्रम के उद्देश्यों से उपस्थित जनमानस को अवगत कराते हुए मुझमें राम अभियान के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि यह प्रस्तुति देकर मन और मस्तिष्क रोमांचित है। नीतीश ने कहा कि भगवान श्रीराम की गाथा बताने से बड़ा पूण्य कार्य हो ही नहीं सकता है।



### पर्यटन के मानचित्र पर उभरेगा बक्सर: अश्विनी चौबे

केंद्रीय मंत्री सह बक्सर सांसद अश्विनी कुमार चौबे ने कहा कि बक्सर की धरती से ही भगवान श्रीराम के पराक्रम पुरुषार्थ यात्रा का प्रारंभ हुआ था। दुनिया इस बारे में जाने, इसके लिए लगातार प्रयास जारी है। उन्होंने कहा कि रामायण सर्किट से बक्सर जुड़ गया है। 2 दिन पहले रामायण ट्रेन का दिल्ली से शुभारंभ हुआ है जो भगवान राम से जुड़े देश के विभिन्न स्थलों भ्रमण करते हुए बक्सर पहुंचेगा। केंद्रीय मंत्री ने उपस्थित लोगों से बक्सर आकर भगवान श्रीराम व भगवान वामन की जन्म स्थली का दर्शन करने की अपील की। वही उन्होंने कहा कि जल्दी ही बक्सर विश्व के आध्यात्मिक, धार्मिक व सांस्कृतिक मानचित्र पर उभरेगा।

# यूपी में बीजेपी की दूसरी बार बनी सरकार, लेकिन जंगीपुर नपं में अब तक नहीं खिला कमल

**अखिलानंद तिवारी/गाजीपुर**

❐ जनवरी 1978 में शासन द्वारा पहली बार रखी गई आधार शिला

गर्मी में तेजी से चढ़ते तापमान के बीच नगर पालिका परिषद और नगर पंचायतों का चुनावी पारा भी बढ़ने लगा है। जंगीपुर नपं में अध्यक्ष व सभासद पद के प्रत्याशी सुबह शाम मतदाताओं के दरवाजे पर अपनी हाजिरी लगा रहे हैं। जिससे नगर क्षेत्र में चुनावी सरगर्मी बढ़ गई है। बात की जाए नगर पंचायत जंगीपुर की तो जनवरी 1978 में शासन द्वारा पहली बार इसकी आधार शिला रखी गई। इसके पहले यह क्षेत्र ग्राम प्रधानी में आता था। नगर पंचायत जंगीपुर में जब से नगर पंचायत का चुनाव हो रहा है, तब से अबतक एक बार भी भाजपा का परचम नही लहराया हैं। व्यापारी वर्ग के वोटरों के बदौलत भाजपा नगर निकाय के चुनावों में जहां नगर पालिका और नगर पंचायतों में अपना कब्जा जमाई हैं, वहीं जंगीपुर नगर पंचायत में आज तक अपना कब्जा नहीं जमा सकी। जबकि यहां सबसे अधिक बनिया वर्ग का वोट है। इसके बाद भी भाजपा प्रत्याशी यहां बड़े अंतरों से हारते हैं। नगर पंचायत क्षेत्र में कुल वोटरों की संख्या 11837 है। जिसमें पुरुषों की संख?या 6263 और महिलाओं की संख?या 5574 है।



नगर पंचायत जंगीपुर में जहां हिंदू मतदाताओं की संख्या 64.91 प्रतिशत हैं, वहीं मुस्लिम वोटरों की संख्या 34.89 प्रतिशत है। वहीं बनिया वर्ग के वोटों की संख्या सबसे अधिक होने के बाद भी यहां से भाजपा बार -बार हार जाती है। कारण यह है कि यहां के मतदाताओं का मानना है कि यह घर का चुनाव हैं और घर के चुनाव में सिम्बल नहीं प्रत्याशी का चेहरा देखा जाता है। इसी कारण आज तक जो भी नगर पंचायत का अध्यक्ष हुआ, वह निर्दल हुआ। यहां पर सामान्य वर्ग वोटरों की संख्या जहां बहुत कम है, वहीं बनिया मतदाता सबसे अधिक हैं। उसके बाद मुस्लिम वोटरों की अच्छी खासी संख्या है। वहीं यादव, हरिजन, कुम्हार राजभर वोटरों कि संख्या भी कम नही है, जो चुनाव में समीकारण बनाने और बिगाड़ने का काम करते हैं।

**1997 में कम्युनिष्ठ पार्टी के बैनर तले दर्ज की थी जीत :** पहली बार 1992 में नगर पंचायत के हुए चुनाव में बैजू सिंह यादव ने दूसरे नंबर पर रहे कम्युनिष्ठ पार्टी के प्रत्याशी मरहूम डॉ. एमए अंसारी सहित भाजपा के पारसनाथ गुप्ता भारी मतों से चुनाव हराकर अध्यक्ष बने। वहीं 1997 में डॉ. एमए अंसारी की पत्नी नूरजहां बेगम ने कम्युनिष्ठ पार्टी के बैनर तले बैजू सिंह यादव सहित भाजपा के संत लाल गुप्ता को हराया था। वहीं 2002 में बैजू सिंह यादव ने निर्दल प्रत्याशी पीर मुहम्मद राईनी को हराकर दूसरी बार निर्दल प्रत्याशी के रूप में चुनाव जीता था। 2007 के चुनाव में पीरमुहम्मद राईनी के इन्तकाल के बाद उनके छोटे भाई ने निर्दल प्रत्याशी के रूप में बैजू सिंह यादव को हराकर चुनाव जीता। उधर मात्र एक बार बसपा प्रत्याशी सत्यनारायण गुप्ता ने सिम्बल के बल पर 2012 में आसमुहम्मद राईनी को हराकर बसपा का झंडा गाड़ा था।

**भाजपा के प्रत्याशियों की नहीं बच पाई जमानत :** वहीं 2017 के हुए चुनाव में पिछड़ा महिला सीट होने से समाजवादी पार्टी में बतौर पद पर रहते हुए लालजी गुप्ता ने अपनी पत्नी विजयलक्ष्मी गुप्ता को चुनाव मैदान में निर्दल प्रत्याशी के रूप में खड़ा किया, जो बसपा की प्रत्याशी मीना गुप्ता को हराकर चुनाव जीती। इन सभी चुनावों में भाजपा के प्रत्याशियों की जमानत तक नहीं बच पाई। इस बार भी नगर पंचायत का चुनाव पिछड़ी महिला सीट होने की वजह से जहां भाजपा से श्यामबली गुप्ता की पत्नी अंबू गुप्ता का नाम प्रमुख चर्चा में है, वहीं बसपा से मीना गुप्ता हैं। समाजवादी पार्टी से सपा नेता चंद्रभान गुप्ता के भाई की पत्नी नेहा गुप्ता सहित कांग्रेस से पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष प्रत्याशी महबूब निशा का नाम आ रहा है।

**चेयरमैन के कार्यो से नाखुश वोटर :** इस बार नगर पंचायत अध्यक्ष के चुनाव में चेयरमैन के कार्यो से नाखुश वोटरों की संख्या को खिसकता देख पूर्व में सपा के नेता रहे लालजी गुप्ता निवर्तमान अध्यक्ष विजयलक्ष्मी गुप्ता को इस बार भाजपा से चुनाव लड़ाने कि गोटी सेट कर रहे हैं, वहीं भाजपा के नेताओं का कहना हैं कि इस बार दाल नहीं गलेगी तो पिछले बार भाजपा का प्रत्याशी रहा है, वहीं रहेगा। नौजवानों में अपनी एक अलग पकड़ रखने वाले व दो बार के चेयरमैन रहे बैजू सिंह यादव के नाती छात्र संघ पूर्व अध्यक्ष अमरजीत यादव अपनी माता उषा यादव को निर्दल प्रत्याशी मैदान में उतारा है। भाजपा से रीता कुशवाहा पत्नी सुनील कुशवाहा, अम्बू गुप्ता पत्नी श्यामबली मद्देशिया, शैल कुमारी, ममता गुप्ता पत्नी सुनील मद्देशिया, बसपा से मीना गुप्ता पत्नी श्यामनारायण गुप्ता, नेहा गुप्ता, भयो चंद्रभान गुप्ता, कांग्रेस से महबूत निशा टिकट की दौड़ में हैं।

## गिट्टी लदे ट्रेलर ने खड़े ट्रेलर में मारी टक्कर, चालक की मौत



**गाजीपुर।** नंदगंज थाने के पहाड़पुर ढाबा के पास पहले से गिट्टी लदकर खड़े ट्रेलर में दूसरा गिट्टी लदे ट्रेलर ने पीछे से जोरदार टक्कर मार दिया। जिसमें चालक की मौत हो गई और खलासी गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस दोनों को जिला अस्पताल भेज दिया। बता दें कि वाराणसी से गोरखपुर जा रहा गिट्टी लदा ट्रेलर पहाड़पुर ढाबा के पास पहले से खड़े ट्रेलर में गिट्टी लदे दूसरे ट्रेलर ने पीछे से धक्का मार दिया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि इसकी आवाज सुनकर मौके पर पहुंचे आस-पास के लोगों ने पुलिस को सूचना देकर गाड़ी में फंसे चालक और खलासी को बाहर निकालने में लग गए। किसी तरह चालक और खलासी को बाहर निकाला गया। पुलिस ने तत्काल जिला अस्पताल भेजा, जहां चालक धीरज यादव निवासी बिरोही जिला मिजार्पुर की मौत हो गई और खलासी दीपक विश्वकर्मा का इलाज चल रहा है। थानाध्यक्ष कमलेश कुमार पाल ने बताया कि सूचना उनके परिजन को दे दी गई है।

### गाजीपुर के दिलदारनगर थाना क्षेत्र की घटना, मृतक की पत्नी की तहरीर पर प्राथमिकी दर्ज

# संपत्ति के लिए युवक की गला काटकर कर दी हत्या, पिता व भाई समेत चार पर केस दर्ज

**केटी न्यूज/गाजीपुर**

- परिजन बोले- अमजद ने खुद ही रेत डाला अपना गला
- मुखबिर की सूचना पर नामजद आरोपितों को किया गया गिरफ्तार

दिलदारनगर थाने के स्थानीय गांव में एक युवक की चाकू से गला काटकर कत्ल करने का मामला सामने आया है। पीड़ित पत्नी ने ससुराल के लोगों पर हत्या की आशंका जताते हुए पुलिस को तहरीर दी है। इस पर मृतक के पिता, दो सगे भाई और एक भौजाई के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। दिलदारनगर गांव के पश्चिम मुहल्ला निवासी अमजद खान (34) पुत्र ऐनुद्दीन खां अपने पिता और भाईयों के साथ घर में रहता था। उसकी पत्नी नौ माह से तीन बच्चों के साथ मायके में थी। शनिवार की अहले सुबह करीब चार बजे घर के एक कमरे में अमजद की धारदार हथियार से गला रेत कर हत्या कर दी गई। इसके बाद परिवार के लोगों ने 112 पर पुलिस को सूचना दी। जिसमें कहा गया कि अमजद ने चाकू से गला काटकर आत्महत्या कर ली है।

पुलिस ने मृतक अमजद का शव कब्जे में लेकर थाने ले आई। इस दौरान सीओ जमानिया, ग्रामीण एसपी घटना स्थल का निरीक्षण किए। सूचना पर मायके पखनपुरा मुहम्मदाबाद से पत्नी शहनाज अख्तर सीधे थाने पहुंची। शव देख चीखने- चिल्लाने लगी। रोते हुए कह रही थी कि मेरा पति मोबाइल पर एक दिन पहले बोला था कि घर वाले मेरी हत्या कर सकते हैं और रात में हत्या कर



ही दिए। कहते-कहते वह होश खो दे रही थी। मृतक की पत्नी शहनाज अख्तर की तहरीर पर पुलिस ने अमजद के पिता ऐनुद्दीन खां, भाई नौशाद खां, इरफान खां और भौजाई मेहरू निशां के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया। इस संबंध में दिलदारनगर थानाध्यक्ष अशेषनाथ सिंह ने बताया कि नामजद हत्यारोपी जल्द ही पुलिस की हिरासत में होंगे।

### संपत्ति बंटवारे को ले हुई अमजद की हत्या

दिलदारनगर गांव के पश्चिम मुहल्ला निवासी अमजद खान की हत्या संपत्ति बटवारे को लेकर की गई है। कत्ल के बाद पुलिस ने हत्यारोपी पिता, दो भाई और भाभी को एक विद्यालय के गेट के सामने से धर-दबोचा। साथ ही हत्या में प्रयुक्त चाकू भी बरामद कर लिया गया। पूछताछ के बाद चारों आरोपियों का पुलिस ने चालान कर दिया। अमजद खान हत्याकांड का पुलिस ने चंद घंटों के अंदर पदार्फाश करने के साथ आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बताया कि मृतक अमजद खान और आरोपियों के बीच संपत्ति (हक हिस्सा) बंटवारे को लेकर विवाद था। बीते आठ अप्रैल की सुबह करीब तीन बजे जब मृतक के घर के सभी लोग सेहरी करने के लिए आंगन मे मौजूद थे। इस दौरान मृतक अमजद द्वारा पुनः हक हिस्सा मांगा गया।

### वारदात को अंजाम दे सभी हो गए फरार

बहस के दौरान आरोपी इरफान घर में रखा हुआ चाकू लाया और सहयोगी भाई नौशाद, पिता ऐनुद्दीन और नौशाद की पत्नी मेहरून निशा के सा?थ मिलकर योजना बनाकर अमजद के दाहिनी तरफ गला रेतकर हत्या कर दी। वारदात को अंजाम दे सभी फरार हो गए। मृतक की पत्नी से इन चारों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया। घटना के कुछ घंटे बाद थाना प्रभारी निरीक्षक अशेषनाथ सिंह पुलिस टीम के साथ छानबीन में जुटे हुए थे। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने नामजद आरोपी नौशाद खां, इरफान खां, ऐनुद्दीन खां और मेहरून निशां को सुबह सनबीम डाल्मिस स्कूल के गेट के पास से गिरफ्तार कर लिया। वहीं, घटना में प्रयुक्त चाकू बरामद भी किया गया। थानाध्यक्ष अशेषनाथ सिंह ने बताया कि चारों का चालान कर लिया गया है।

## ठोस एवं तरल कचरा प्रबंधन के लिए प्रशिक्षित होंगे ग्राम प्रधान

**केटी न्यूज/बलिया**

♦ मास्टर ट्रेनर के लिए डीसी समेत पांच सिविल इंजीनियर होंगे प्रशिक्षण

स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण फेज-2 के तहत जिले के ग्राम प्रधान और पंचायतकर्मी प्रशिक्षित किए जाएंगे। उप निदेशक पंचायतीराज ने पत्र जारी कर निर्देश दिया है। मास्टर ट्रेनर के लिए डीसी समेत पांच सिविल इंजीनियर प्रशिक्षण लेने के लिए निदेशालय भेजे जाएंगे। जिले की ग्राम पंचायतों में शासन की ओर से स्वच्छ भारत मिशन प्लस फेज-1 के तहत ठोस एवं तरल कचरा प्रबंधन का काम चल रहा है।

2023-24 में एसबीएम प्लस फेज-2 के तहत चयनित ग्राम पंचायतों की सूची भी जल्दी ही आने वाली है। इन गांवों में कार्य कराने में कोई दिक्कत न आएए इसके लिए शासन ने ग्राम प्रधानों व पंचायत कर्मियों को प्रशिक्षित करने की योजना पर काम शुरू किया है। योजना के तहत सबसे पहले डीसी स्वच्छ भारत मिशन के साथ ही पांच सिविल इंजीनियर मास्टर ट्रेनर को प्रशिक्षित किया जाना है। उप




निदेशक पंचायतीराज की ओर से जारी पत्र के अनुसार प्रशिक्षण से लौटने के बाद मास्टर ट्रेनर के रूप में जिला मुख्यालय पर संचालित पंचायत रिसोर्स सेंटर में ग्राम प्रधानए पंचायत सचिवए सफाई कर्मी व पंचायत सहायकों को प्रशिक्षण देने का काम करेंगे। डीपीआरओ यतेंद्र सिंह ने बताया कि फेज-1 में पांच हजार और उससे ऊपर आबादी वाले गांव लिए गए थे। फेज-2 में पांच हजार से नीचे आबादी वाले 50 फीसदी गांवों का चयन किया जाएगा। चयन प्रक्रिया निदेशालय स्तर से की जाएगी।

## तीन गिरफ्तार, मोबाइल व हथियार बरामद

**बलिया।** बैरिया थाना पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान शनिवार को यादवनगर चांददीयर के निकट राष्ट्रीय राजमार्ग 31 से मोबाइल चोरी करने के तीन आरोपियों को कट्टा व कारतूस के साथ गिरफ्तार किया गया। बताया जाता है कि पिछले 25 मार्च को बिहार सारण जिले के रिविलगंज थाना अंतर्गत रामेश्वर टोला निवासी रविन्द्र के बेटे तूफानी महतो का मोबाइल फोन सुरेमनपुर रेलवे स्टेशन से लौटते समय जिन बाबा के पास से चोरी हो गया था। एसएचओ धर्मवीर सिंह ने बताया कि एनएच 31 पर चांददीयर के निकट वाहन चेकिंग कर रहे थे। तभी तीन लोग पुलिस को देख सड़क के नीचे उतर कर पगडण्डी के रास्ते जाने लगे। पुलिस ने तीनों को ने दौड़ाकर पकड़ लिया। तलाशी लेने पर अंकित यादव टोला शिवनराय के पास चोरी की मोबाइल मिली। उसके साथ रविन्द्र यादव व देवेन्द्र सिंह उर्फ हैपी सिंह की तलाशी ली गयी। तो हैपी सिंह के पास 315 बोर का एक कट्टा व एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ। अंकित यादव ने बताया कि मैं रविन्द्र यादव व देवेन्द्र सिंह उर्फ हैपी सिंह साथ मे मिलकर कई चोरी की घटनाओं को अंजाम दिया है।

## बलिया में कोरोना ने फिर से दी दस्तक किशोरी मिली पॉजिटिव, हुई होम आइसोलेट

**केटी न्यूज/बलिया**

महानगरों के बाद एक बार फिर जिले में कोरोना ने अपना पांव पसारना शुरू कर दिया है। शनिवार को पहला केस दुबहर क्षेत्र के एक गांव में मिला है। जिसमें 12 वर्षीय बच्ची पॉजिटिव पाई गई है। जिसका इलाज वाराणसी में चल रहा है। पॉजिटिव बच्ची के संपर्क में आए 13 लोगों की क्षेत्रीय टीम ने जांच की और सभी को पूर्व की भांति होम आइसोलेशन में रहकर सतर्कता बरतने का अनुरोध किया है। इसकी पुष्टि जिला सर्विलांस अधिकारी डॉ. एके मिश्रा ने की है।

जिला सर्विलांस अधिकारी ने आमजन से अनुरोध किया है कि आज की लापारवाही कल घातक बन सकती है। क्योकि यह कोरोना वायरस एक बार बड़े शहरों में पांव पसार रहा है। इसके रोकथाम के लिए पूर्व की भांति कोरोना प्रोटोकाल का हम सबको अक्षरशः पालन करना होगा। जैसे मुंह पर मास्क लगाना, साबुन से



बार-बार हाथ धोना, हाथ सैनिटाइज करना, सोशल डिस्टेसिंग का पालन करना आदि है। डॉ. एके मिश्रा ने कहा कि अगर कोई व्यक्ति पॉजिटिव मिलता है तो उसे ठंडे तथा तेल व मसाला वाले चीजों के सेवन करने से बचना चाहिए। इस दौरान गर्म चीजों का सेवन और कोई फल ग्रहण कर सकता है। इसमें लिक्विड की मात्रा ज्यादा लेना चाहिए। इसके अलावा प्रतिदिन व्यायाम करें, चिकित्सकीय परामर्श पर समय से दवा लें। जिला सर्विलांस अधिकारी ने बताया कि जनपद के 18 ब्लॉक में पहले से टीम गठित है। जिनके द्वारा जांच की गई। जिसमें 12 वर्षीय बच्ची पॉजिटिव पाई गई। वहीं उसके संपर्क में आए 13 लोगों का भी टीम द्वारा सैंपल लिया गया एवं प्रिकॉशन के तौर पर उन्हें आइसोलेट में रहने की सलाह दी गई है। बताया कि प्रतिदिन जिले में 1000 सैंपल लिए जाते हैं। पहले टीमों को ट्रेनिंग दी जा चुकी है, फिर दोबारा ट्रेनिंग सोमवार को दी जाएगी।

### सामाजिक न्याय सप्ताह के अन्तर्गत चलाया जा रहा प्राकृतिक खेती एवं श्रीअन्न जनजागरण अभियान

# किसान भाई अधिक से अधिक करें प्राकृतिक खेती: राज्यसभा सांसद

**केटी न्यूज/बलिया**

- किसानों के बीच वितरित किए गए मोटे अनाज के बीज

सामाजिक न्याय सप्ताह के अन्तर्गत जनपद में प्राकृतिक खेती एवं श्री अन्न जनजागरण अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा ने हनुमानगंज विकासखंड में कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें किसान भाइयों की भारी उपस्थिति के बीच मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद नीरज शेखर ने अपने विदेश यात्रा में इजराइल के किसानों की चर्चा करते हुए कम भूमि पर अधिक उत्पादन कैसे हो रहा है। साथ प्राकृतिक खेती को अधिक से अधिक करने का आग्रह के साथ ही रासायनिक ऊर्वरक से होने वाले नुकसान तथा दिन प्रतिदिन जल का स्तर गिरने, दूषित होने एवं बलिया के लिए अभिषाप आर्सेनिक जल का प्रभाव अनाज पर पड़ने की बात कही एवं सभी को मोटे अनाज के उत्पादन एवं खाने में प्रयोग करने के कारण मिट्टी भी स्वास्थ्य और मानव जीवन भी स्वास्थ्य रहेगा। साथ ही मुख्य




अतिथि जी द्वारा मोटे अनाज (मडुआ) के बीच का वितरण किसानों को किया गया।

जिलाध्यक्ष भाजपा किसान मोर्चा बलिया श्री सन्तोष कुमार पाण्डेय ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए किसानों को सरकार की योजनाओं के लाभ को बताते हुए प्राकृतिक खेती के द्वारा आगे की पीढ़ी को स्वास्थ्य मिट्टी देने के आग्रह के साथ ही मोटे अनाज के प्रयोग एवं उत्पादन के लिए विश्व के लोकप्रिय नेता यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं अपने मुख्यमंत्री पूज्य योगी आदित्यनाथ जी की सरकार दिन रात किसानों के हित में योजनाओं का क्रियान्वयन के साथ ही किसानों की आय बढाने के लिए भारी छूट के साथ नयी नयी तकनीक एवं किसानों को प्रशिक्षित किया जा रहा है।

जिला मंत्री अरुण सिंह वन्टू जी ने बताया कि आज जी-20 की सभी बैठक में मोटे अनाज यानी श्री अन्न के द्वारा तैयार भोजन कराया जा रहा। जो हमारे अतिथियों को बहुत पसंद आ रहा और वर्तमान में हमारे शिर्ष नेतृत्व की मंशा श्री अन्न योजना एवं प्राकृतिक खेती विश्व का अभियान बन गया। जिलाध्यक्ष सन्तोष पाण्डेय द्वारा किसान भाईयों के बीच नारा दिया गया। कार्यक्रम में भाजपा किसान मोर्चा मण्डल अध्यक्ष हनुमानगंज अंजनी राय, कोषाध्यक्ष रामवचन राय, शोशल मिडिया आशिष शर्मा, कार्यालय प्रभारी संजय गिरि, पूर्व मण्डल अध्यक्ष मायाशंकर राय, सागरपाली मण्डल अध्यक्ष मनोज सिंह व अन्य मौजूद रहे।

## एक नजर

### डॉ. राघवेंद्र को मिला शिक्षा विभूषण सम्मान

**गाजीपुर।** हिन्दी केंद्रीय विभाग, त्रिभुवन विश्वविद्यालय काठमाण्डू, नेपाल और शिक्षक-शिक्षा विभाग श्रीराम तिलक कॉलेज आफ एजुकेशन, जहानाबाद (बिहार) और 'हिमालिनी' कृष्ण चंद्र मिश्र पब्लिकेशन काठमांडू, नेपाल के संयुक्त तत्त्वावधान में "वैश्विक परिदृश्य में शिक्षा, साहित्य, संस्कृति और समाज की भूमिका" विषय पर आयोजित अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी तीन और चार अप्रैल 2023 को त्रिभुवन विश्वविद्यालय काठमाण्डू, नेपाल के सिनास भवन के 'राजा जनक' सभागार में आयोजित हुई। इस अंतराष्ट्रीय संगोष्ठी में पीजी कॉलेज के प्राचार्य प्रो. (डॉ.) राघवेन्द्र कुमार पांडेय ने "भारत-नेपाल सांस्कृतिक संबंधों का सुरक्षात्मक महत्व" पर अतिथि वक्तव्य प्रस्तुत किया। इस संगोष्ठी में प्रो. पांडेय को शिक्षा, साहित्य, संस्कृति और भाषा के क्षेत्र में दिए गए महत्वपूर्ण अवदान के लिए 'शिक्षा-विभूषण सम्मान' से अलंकृत किया गया। इससे पहले प्रो. (डॉ.) राघवेन्द्र कुमार पांडेय को शिक्षा के क्षेत्र में योगदान के लिए उत्तर प्रदेश भर में वर्ष 2021 में "सम्मान पत्र' से सम्मानित किया था। बलिया में जन्में प्रोफेसर पांडेय को शिक्षा के क्षेत्र में किए गए अमूल्य योगदान के लिए 'वेस्ट फैकल्टी फार टीचिंग इनोवेशनस', 'सर्टिफिकेट आफ कमिटमेंट', 'एक्सीलेंस इन टीचर अवार्ड', 'इंस्पिरेशनल टीचर अवार्ड', 'इनोवेटिव फैकेल्टीअवार्ड', 'बेस्ट टीचर अवॉर्ड', ह्यग्रामीण पत्रकारिता प्रशस्ति-पत्र', 'पूर्वांचल ग्रामीण पत्रकारिता प्रशस्ति-पत्र' आदि पुरस्कारों से सम्मानित किया जा चुका है।




### गाजीपुर के विपिन बने पीसीएस अधिकारी

**गाजीपुर।** जनपद के करंडा विकास खंड अंतर्गत बक्सां गांव निवासी स्व. फौजदार सिंह यादव के सुपौत्र विपिन कुमार यादव का चयन उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग में पीसीएस अधिकारी के पद पर हुआ है। इस चयन से जिले में खुशी का माहौल है। बता दें कि आर्मी सूबेदार सिरबल सिंह यादव एवं सुनीता यादव के सुपुत्र विपिन कुमार यादव शुरू से ही मेधावी रहा है। इनकी स्कूल की शिक्षा आर्मी पब्लिक स्कूल लखनऊ से हुई। स्कूली शिक्षा से ही इसने हमेशा प्रथम स्थान प्राप्त किया। विपिन ने बीटेक की डिग्री पंजाब यूनिवर्सिटी चंडीगढ़ से लिया। बीटेक करने के बाद विदेश की कंपनियों से भी नौकरी का ऑफर आया, लेकिन शुरू से ही इनकी रूचि प्रशासनिक अधिकारी बनने की थी। इसीलिए प्रथम प्रयास में ही लोक सेवा आयोग में सफलता प्राप्त कर ली। चयन की खबर मिलते ही लखनऊ स्थित आवास एवं गृह जनपद बक्सा में लोगों का बधाई देने का सिलसिला शुरू हो गया।



### भाजपा मत भूले भारत ने अंग्रेजों को खदेड़ा था

**बलिया।** सिविल लाइन स्थित सपा कार्यालय पर रविवार को एक बैठक का आयोजन किया गया। बतौर मुख्य अतिथि पूर्व कैबिनेट मंत्री राम अचल राजभर ने कहा कि केवल सपा कार्यकर्ता कहलाना ही अब पर्याप्त नहीं होगा, पार्टी को मजबूत करने की दिशा में कार्य करना होगा। कहा कि बूथ स्तर तक कमेटियों का गठन कर 30 अप्रैल तक प्रदेश मुख्यालय पर भेजे। कहा कि देश अघोषित इमरजेंसी के दौर से गुजर रहा है। सच बोलने वालों को सलाखों में डाला जा रहा है। लेकिन भाजपा शायद भूल गई है कि यह वही भारत है जो अंग्रेजों को खदेड़ा था। कहा कि 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा को जवाब मिल जाएगा। कहा कि केंद्र सरकार द्वारा लाई गई नई शिक्षानीति से गरीब, दलित व अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों को शिक्षा से वंचित रखने की सोची समझी साजिश है। आज अडानी मामले में देश के प्रधानमंत्री की चुप्पी यह साबित करने के लिए काफी है कि भाजपा की नीयत और नीति क्या है। राहुल गांधी मामले में जिस तरह सजा सुनाई गई है उससे साफ है कि देश का चौकीदार डर गए हैं। बैठक में पूर्व नेता प्रतिपक्ष रामगोविन्द चौधरी, पूर्व मंत्री अम्बिका चौधरी, तारकेश्वर मिश्र, विधायक जय प्रकाश अंचल, विधायक संग्राम सिंह यादव, पूर्व सांसद रामाशंकर राजभर, पूर्व विधायक मंजू सिंह, सनातन पाण्डेय आदि ने अपने विचार व्यक्त किया।




### हमने सम्पूर्ण विश्व को अपना परिवार माना

**बलिया।** भाजयुमो उत्तर प्रदेश द्वारा चलाए जा रहे वाई 20 कार्यक्रम का आयोजन महर्षि भृगु बाबा के प्रांगण में आयोजित हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि के रुप में भाजयुमो के प्रदेश महामंत्री हर्षवर्धन सिंह ने कहा कि यह बड़े ही गर्व का विषय है कि जी 20 जैसे प्रतिष्ठित संगठन का नेतृत्व करने का अवसर यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के कुशल नेतृत्व के कारण ही संभव हुआ है। भारत ने इस कार्यक्रम का थीम भी वसुधैव कुटुम्ब रखा है। हमने सदैव सम्पूर्ण विश्व को अपना परिवार माना है। भारत सदी की सबसे बड़ी महामारी में पूरे विश्व को वैक्सीन व दवाओं सहित अन्य जरूरी सामाग्री प्रदान किया। विशिष्ट अतिथि राजनीति शास्त्र के प्रोफेसर रमेश राय ने जी-20 सम्मेलन के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान किया। उन्होंने कहा कि 20 वित्त मंत्रियों और सेंट्रल बैंक के गवर्नर्स का समूह जी20, जी -20 और बीस का समूह के रूप में भी जाना जाता है जो कि विश्व की 20 प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं के वित्त मंत्रीयों और केंद्रीय बैंक के गवर्नर्स का एक संगठन है, जिसमें 19 देश और यूरोपीय संघ शामिल हैं। जिसका प्रतिनिधित्व यूरोपीय परिषद के अध्यक्ष और यूरोपीय केंद्रीय बैंक द्वारा किया है।